# बिहार सरकार
## *अल्पसंख्यक कल्याण विभाग*

### संकल्प

विषयः केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण हेतु 'अल्पसंख्यक कल्याण अंतरपूर्ति योजना' एवं मार्गदर्शिका की स्वीकृति के संबंध में।

अल्पसंख्यक समुदाय के कई लोग विभिन्न कारणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार, महिला एवं बाल विकास आदि क्षेत्रों में केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

2. केन्द्र अथवा राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित अल्पसंख्यक समुदाय के लिए शिक्षा, रोजगार, अल्पसंख्यक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना विकास, वक्फ संपत्ति के रख रखाव, छोटे उद्यम, बुनकर एवं अन्य कारीगर समूह के कल्याण तथा महिलाओं/ बालिकाओं के कल्याण हेतु अल्पसंख्यक कल्याण अंतरपूर्ति योजना एवं योजना की मार्ग–निर्देशिका तैयार की गई है जिसपर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त है।

3. यह योजना शत–प्रतिशत राज्य योजना है जिसका क्रियान्वयन संलग्न मार्ग–निर्देशिका के अनुसार किया जाएगा।

4. योजना का संचालन निम्नांकित बजट शीर्षो के अंतर्गत प्रावधानित राशि से किया जाएगा :–

(i) मुख्य शीर्ष 2225– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों का कल्याण, उपमुख्य शीर्ष 04– अल्पसंख्यकों का कल्याण, लघु शीर्ष 102 – आर्थिक विकास, उपशीर्ष 0101– अल्पसंख्यक कल्याण अंतरपूर्ति योजना।

(ii) मुख्य शीर्ष 2225– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों का कल्याण, उपमुख्य शीर्ष 04–अल्पसंख्यकों का कल्याण, लघु शीर्ष 277–शिक्षा, उपशीर्ष 0105– अल्पसंख्यक कल्याण अंतरपूर्ति योजना।

(iii) मुख्य शीर्ष 4225– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों का कल्याण पर पुंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–04 अल्पसंख्यकों का कल्याण, लघु शीर्ष 277– शिक्षा, उपशीर्ष 0102– अल्पसंख्यक कल्याण अंतरपूर्ति योजना।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराया जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/ पदाधिकारी एवं कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
**(मो० एस० आई० फैसल)**
विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक– अ०स०क० 07–15(नई योजना)–03/2017 पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः**– महालेखाकार, ले0 एवं प0/ले0 एवं ह0, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
विशेष सचिव–सह–निदेशक

**कृ०पृ०उ० ...**

ज्ञापांक– अ०स०क० 07–15(नई योजना)–03/2017 पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः**– प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय/प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक– अ०स०क० 07–15(नई योजना)–03/2017 पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः**– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांक– अ०स०क० 07–15(नई योजना)–03/2017 -327 पटना, दिनांक– 15-05-18

**प्रतिलिपिः**– प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/प्रधान सचिव, वित्त विभाग/प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड, पटना/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम, पटना/सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव–सह–निदेशक